झारखंड के सरकारी स्कूलों में होगा 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन

चर्चा में क्यों?

- 25 सितंबर, 2023 को झारखंड के स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने सभी डीईओ और डीएसई को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी सरकारी स्कूलों में 'मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- स्कूल संचालन से पहले छात्र-छात्राएँ अमृत कलश यात्रा निकालेंगे। इसके अलावा प्रभातफेरी निकाली जाएगी।
- 30 सितंबर तक स्कूल से किसी दिन भी स्कूलों के पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली जा सकेगी। इसमें राष्ट्रीय ध्वज, स्थानीय वीरों के पोस्टर रखे जाएंगे। छात्र ढोल-नगाड़े, स्थानी मंत्र का प्रयोग कर त्योहार का माहौल बनाएंगे।
- छात्र लोगों को आज़ादी दिलाने वाले वीरों और नायकों के बारे में बताएंगे। विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन होगा, इसमें रंगोली, देशभक्ति गीत इत्यादि होंगे।
- 30 सितंबर तक स्कूलों में कार्यक्रम होने के बाद एक से 13 अक्तूबर तक प्रखंडों में और 22 से 27 अक्तूबर तक सभी राज्यों की राजधानी में किया जाएगा।
- प्रखंडों में किसी एक स्कूल के बड़े मैदान में समारोह होगा। इसमें सभी जगहों से लाई गई कलश की मिट्टी मिलाई जाएगी और स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम होगा, वहीं यहाँ से मिश्रित मिट्टी का एक कलश राजधानी लाया जाएगा।
- इसके अलावा पंच प्रण प्रतिज्ञा ली जाएगी। इसमें छात्र भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, एकता व एकजुटता, नागरिकों में कर्त्तव्य का भाव और प्रतिज्ञा लेते हुए सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट पर अपलोड करेंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/meri-maati-mera-desh-program-will-be-organized-in-government-schools-of-jharkhand